Definition of Geography & its relation with other Sciences.

भूगोल की परिभाषा तथा अन्य विज्ञानों से संबंध

सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रयोग इरेटास्थनीज (ग्रीक विद्वान) ने (276-194 ई.पू.) में किया था। यह शब्द ग्रीक के दो मूल शब्दों Geo (पृथ्वी) तथा Graphos (अध्ययन करना) से बना है इसके हिसाब से पृथ्वी का अध्ययन ही भूगोल है। इसी को और विस्तृत करते हुए हम पाते हैं कि पृथ्वी पर किसी भी प्रकार के कारक जो इसकी बदलते हुए स्वरूप के लिए उत्तरदायी हैं उनका अध्ययन ही भूगोल है

पृथ्वी पर दो कारक प्राकृतिक तथा मानव हैं जो इसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पृथ्वी के बदलते स्वरूप के लिए उत्तरदायी है इसलिए भूगोल को दो मुख्य भागों में विभाजित करके अध्ययन करते हैं

भूगोल
- भौतिक भूगोल
- मानव भूगोल

भौतिक भूगोल के अंतर्गत हम भूगोल के उन क्षेत्रों का अध्ययन करते हैं जिसमें प्रकृति के द्वारा पृथ्वी पर प्रभाव पड़ता है जैसे पहाड़, पठार, मैदान, नदी, हवा, मौसम, वर्षा, सूर्य, समुन्द्र, मिट्टी, तापमान आदि। तथा भूगोल के वह क्षेत्र जिसमें मनुष्य का प्रभाव पृथ्वी पर पड़ता है जैसे - जनसंख्या, आवास, कृषि, व्यापार, संसाधन आदि है।
अतः उपयुक्त कथनों के आधार पर हम कह सकते हैं कि पृथ्वी पर प्रकृति

Scanned with CamScanner

तथा मानवों के बिच के अंतर्संबंधों के बारे में जानना ही भूगोल है था

→ पृथ्वी के बदलते स्वरूप का अध्ययन ही भूगोल है

→ साथ ही हम भूगोल को विज्ञान का दर्जा भी देते हैं तो हम कह सकते है कि " पृथ्वी के बदलते स्वरूप का (प्रकृति तथा मानव द्वारा) शुद्ध, क्रमबद्ध तथा तर्कसंगत अध्ययन ही भूगोल है जिसे हार्टशोर्न महोदय ने 1939 में नेचर इन जियोग्राफी नामक पुस्तक में परिभाषित किया

→ आज का भूगोल इतना विस्तृत हो चुका है कि हम कह सकते हैं कि अपने आस पास पाए जाने वाले समस्त पदार्थ, तत्व तथा घटनाएं भूगोल के अन्तर्गत ही आते हैं

→ जैसे हम अपने चारों तरफ नजर दौड़ाते हैं तो हम पाते हैं -
मनुष्य, कल कारखाने, आवास, कृषि, सूर्य, तारे, बादल, वर्षा, पेड़ पौधे, शहर देश, जाति - जनजाति, पहाड़, पठार, रोड परिवहन के साधन, नदी आदि कुछ भी यह सभी भूगोल में ~~सभी~~ समाहित हैं यही कारण है कि भूगोल पढ़ना और दूसरे विषयों के तुलना में सरल लगता है क्योंकि भूगोल अनुभव करने की विषय है

भूगोल का अन्य विज्ञानों से संबंध -

→ भूगोल के विकास के क्रम में जितने भी विद्वानों ने भूगोल में योगदान दिया है उनमें से लगभग सभी अन्य के विषयों जैसे गणित, इतिहास, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र राजनीति शास्त्र आदि विषयों से संबंध रखते

थे और वे लोग अपने विषय के सहयोग से भौगोलिक तथ्य देते थे। जिसके कारण भूगोल में सभी विषयों का समावेश हो गया और इसे mother of all subject से भी संबोधित किया गया।



→ इस चित्र के माध्यम से हम ज्ञात होता है भूगोल का क्षेत्र कितना व्यापक है। सभी विषयों को भूगोल अपने अंदर समाहित करके उसने भूगोल का एक शाखा के रूप में प्रस्तुत करता है।

→ इससे यह भी निष्कर्ष निकलता है कि भूगोल के जानकार सभी विषयों की थोड़ी बहुत जानकारी रखते है और यदि नहीं रखते है तो वे भूगोल के साथ अन्याय करेंगे।

Scanned with CamScanner